पेज थ्री देहरादून

देहरादून, मंगलवार 26 नवंबर, 2019 पेज 8

हमारा दून

पेयजल निगम के अधिकारियों की बैठक लेते मसूरी विधायक गणेश जोशी।



## संक्षिप्त समाचार

### गौरव गोयल के मेयर चुने जाने पर बधाई दी

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा एवं अन्तर्राष्ट वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता ने गौरव गोयल को रुड़की नगर निगम के मेयर के लिए भारी मतों से जीतने पर हार्दिक बधाई दी। श्री गुप्ता ने कहा कि पहले बनबसा एवं मसूरी के अध्यक्ष पदों पर वैश्य समाज के उम्मीदवारों द्वारा निर्दलीय के रूप में जीत दर्ज करके गौरव गोयल द्वारा नगर निगम रुड़की के मेयर पद पर निर्दलीय के रूप में जीत दर्ज करके उत्तराखंड के सभी राजनीतिक दलों कोई है स्पष्ट संदेश दे दिया कि किसी भी राजनीतिक दल का मोहताज नहीं है!

### 1200 एलपीएम पानी देने वाले नलकूप का निर्माण कार्य पूर्ण

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की घोषणाओं पर अमल करते हुए जलनिगम द्वारा छावनी परिषद गढ़ी कैंट क्षेत्र की जनता को 1200 एलपीएम पानी देने वाला नलकूप निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री की घोषणानुसार अब ओवरहैड टैंक के निर्माण की कवायद प्रारम्भ होने जा रही है।

### गेहूं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया

**(संवाददाता)** देहरादून। गेहूं की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों को लेकर जिला पूर्ति विभाग ने सोमवार को सख्ती दिखाते हुए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सरकारी राशन गोदाम के अलावा शहर के पांच सरकारी राशन की दुकानों पर गेहूं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इस दौरान जांच टीम को खाद्यान्न गुणवत्ता में कोई कमी नही मिली। सोमवार को डीएसओ जसवंत सिंह कंडारी, पूर्ति निरीक्षक विभूति जुयाल और अजय पाल रावत ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित राशन के गोदाम में खाद्यान का निरीक्षण किया।

# सीएस ने ली विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**निर्देश**

शत प्रतिशत लाभ पात्र बच्चों को दिलाने हेतु निरन्तर मॉनीटरिंग के निर्देश

सीटों का 25 प्रतिशत प्रवेश अपवंचित वर्ग के छात्रों को दिये जाने का प्राविधान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने निजी विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1)(6) के अन्तर्गत कक्षा 1 या इससे छोटी कक्षा में अध्ययनरत कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के बच्चों के खर्च हेतु संबंधित विद्यालयों को प्रतिपूर्ति शीघ्र दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने योजना का शत प्रतिशत लाभ पात्र बच्चों को दिलाने हेतु निरन्तर मॉनीटरिंग के निर्देश दिये। योजना में निजी विद्यालयों द्वारा उपलब्ध सीटों का 25 प्रतिशत प्रवेश अपवंचित वर्ग के छात्रों को दिये जाने का प्राविधान है।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018–19 में योजना से 1,01,116 बच्चों को लाभान्वित किया गया जिसकी 124.89 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति की जानी है। वर्ष 2019–20 में योजना में लगभग 95 करोड़ की प्रतिपूर्ति का अनुमान है।

मुख्य सचिव द्वारा विद्यालयों के जर्जर भवन, पेयजल एवं शौचालयों, फर्नीचरों एवं कम्प्यूटर व्यवस्था की समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों मे खेल मैदान निर्माण में माननीय विधायकों से अनुरोध करें। इसके लिये विधानसभावार खेल मैदान की सूची तैयार कर सम्बन्धित विधायक महोदय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। राजकीय विद्यालयों में संचालित वर्चुअल क्लासेस योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने योजना के माध्यम से यथा सांइस, गणित, अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञ टीचर द्वारा छात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये तथा कहा कि जहां पर विषय विशेषज्ञ अध्यापक नही है उन विषयों को वर्चुअल क्लासेस में शामिल किया जाय। मुख्य सचिव ने वर्चुअल क्लासेस योजना को विस्तार करने के निर्देश दिये। बताया गया कि 500 सेंटर में से 150 सेंटर में वर्चुअल क्लासेस शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि, आगामी वर्ष में 485 सेंटर को वर्चुअल क्लासेस योजना से जोड़े जाने का प्राविधान है। ऐसी रणनीति अपनाने के निर्देश दिये जिसमें प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय मे दो टीचर तैनात किये जाय। वर्तमान में किन्ही विद्यालय के छात्र संख्या के अनुपात में अधिक अध्यापक तैनात है तो ऐसे विद्यालय से अध्यापक हटाकर एक अध्यापक वाले विद्यालयों में शिफ्ट कर प्रति विद्यालय 02 शिक्षक का मानक पूरा किया जाय।

बैठक में वित्त सचिव अमित सिंह नेगी, सचिव शिक्षा आर0मीनाक्षी सुन्दरम, निदेशक ऐकेडमिक सीमा जौनसारी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

### ड्राप आउट बच्चों की समीक्षा करने के निर्देश

राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में रिक्त अध्यापकों की कमी को पूरा करने हेतु शीघ्र कैबिनेट अनुमोदन हेतु नियमावली तैयार करने के निर्देश दिये। वर्तमान में प्रदेश में संचालित 13 विद्यालयों में 114 अध्यापकों तथा 152 लाइब्रेरियन, स्टाफ के पद रिक्त चल रहे हैं। वर्तमान व्यवस्था में अध्यापकों के पद प्रतिनियुक्ति एवं मानदेय से भरे गये हैं। माध्यमिक स्तर पर ड्राप आउट बच्चों की समीक्षा करने के निर्देश दिये तथा ऐसे मामलों में ड्राप आउट का कारण तथा तद्नुसार कार्ययोजना जनपदवार बनाने के निर्देश दिये तथा पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश से भी तुलनात्मक अध्ययन करने के निर्देश दिये।

### ग्राम्या के प्रत्येक प्रभाग में फार्मर फील्ड स्कूल स्थापित किए जाएंगे

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना फेज–2 (ग्राम्या) की समीक्षा करते हुए मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबंधन, डा.भूपिन्दर कौर औलख ने दिए निर्देश। ग्राम्या के कार्यों का आय वृद्धि पर प्रभाव का आंकलन किया जाए। प्रत्येक प्रभाग में फार्मर फील्ड स्कूल स्थापित किये जाएं। एग्रो क्लाईमेटिक जोन को ध्यान में रखते हुए लाभदायक फसलों व फलों को चिन्हित किया जाए। बेम्बू बिल्डिंग को बढ़ावा दिया जाए। उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना फेज–2 (ग्राम्या) की समीक्षा करते हुए मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबंधन, डा.भूपिन्दर कौर औलख ने उक्त निर्देश दिए। डा. औलख ने परियोजना द्वारा कृषकों को हो रहे लाभ में परियोजना पूर्व एवं परियोजना उपरान्त का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। परियोजनान्तर्गत निर्बल वर्ग के लिए की जा रही आय–अर्जक गतिविधियों का विश्लेषण करें कि किस प्रभाग में किस गतिविधि के द्वारा सर्वाधिक आय प्राप्त हो रही है। ताकि उस गतिविधि को अधिक फोकस किया जाए।

### संविधान दिवस पर बधाई दी

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर जारी शुभकामना संदेश में कहा है कि भारत को विश्व की प्रमुख शक्ति बनाने में भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। संविधान में प्रत्येक नागरिक के लिए मौलिक अधिकारों के साथ ही मूल कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। हमें अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ ही कर्तव्यों का पालन भी तत्परता से करना चाहिए। संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान रखते हुए देश में शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।

# यातायात निदेशक ने ई–चालान मशीन के संचालन

**बैठक**

■ सुरक्षा, नेटवर्क को लेकर ली बैठक

देहरादून। **सवांददाता**

पुलिस उपमहानिरीक्षक व निदेशक यातायात केवल खुराना द्वारा ई–चालान मशीन के संचालन, सुरक्षा, नेटवर्क एवं अन्य तकनीकी समस्या के निराकरण हेतु पुलिस मुख्यालय में मीटिंग की गई। उत्तराखण्ड में ई–चालान मशीन की प्रक्रिया के लिए उत्तराखण्ड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक देहरादून के मध्य ई–चालान मशीनों के लिए एमओयू हो रहा है। यातायात निदेशालय उत्तराखण्ड को भारतीय स्टेट बैंक देहरादून की ओर से 1200 ई–चालान मशीनें प्राप्त हो चुकी है। जिन्हें बहुत जल्द पूरे राज्य के जनपदों में वितरित किया जायेगा।

मीटिंग में भारतीय स्टेट बैंक और पुलिस दूरसंचार विभाग के सदस्य शामिल हुए। प्रदेश में जल्द से जल्द उपरोक्त ई–चालान मशीनों से कार्य लिया जाए इसके लिये इन ई–चालान मशीनों से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

निदेशक यातायात द्वारा सभी को निर्देश दिये गये है कि मीटिंग के दौरान संचालन,सुरक्षा,नेटवर्क के सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर जल्द से जल्द पूरा कार्य कर लिया जाए ताकि प्राप्त ई–चालान मशीनों को राज्य में वितरित कर जल्द से जल्द इनका प्रयोग किया जा सके जिससे प्रर्वतन की कार्यवाही में तेजी लाए जा सके।



यातायात निदेशक केवल खुराना ई–चालान मशीन के संचालन, सुरक्षा, नेटवर्क को लेकर बैठक लेते हुए।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Read News

Watch News Channel

Scan This Code


### पत्रकार पर मुकदमा त्रिवेंद्र की बौखलाहट का नतीजाः मोर्चा

**(संवाददाता)** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि दो दिन पहले मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के दबाव में पुलिस द्वारा पर्वतजन संपादक शिव प्रसाद सेमवाल पर षड्यंत्र के तहत मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न किया गया, जिसका मोर्चा घोर विरोध करता है। नेगी ने कहा कि दबाव में आई पुलिस ने तहरीर को पढ़ना आवश्यक नहीं समझा तथा आनन–फानन में 386 जैसी संगीन धाराएं लगाकर स्वामी भक्ति का प्रमाण पेश किया, होना तो यह चाहिए था कि मामले की तह में जाकर पुलिस सच्चाई जानती, लेकिन, ऐसा न कर मामले से दूर जाकर ऐसी धाराएं लगाई गई, जिसका इस मामले से दूर–दूर तक कोई वास्ता नहीं है।

त्रिवेंद्र पूर्व में भी अपने काले कारनामे छिपाने के लिए एक चौनल के सीईओ के खिलाफ भी नापाक हरकत एवं असफल प्रयास कर चुके हैं।

### बैठक में चर्चा

**(संवाददाता)** देहरादून। सचिवालय एथलेटिक्स एण्ड फिटनैस क्लब की एक आवश्यक बैठक एफआरडीसी हॉल में हुई।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M)9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।